**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**तिथि 04 फ़रवरी 2025** **समय 1810**

- हरियाणा मंत्रिमंडल ने हरियाणा विलेज कॉमन लैंड रेगुलेशन एक्ट, 1961 में संशोधन को मंजूरी दी।
- पंचायत भूमि पर बने मकानों के मालिकों को मालिकाना हक़ मलेगा।

  हरियाणा निर्वाचन आयोग ने शहरी स्थानीय निकाय चुनाव की घोषणा की।
- हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने प्रयागराज में महाकुंभ के लिए विशेष बस सेवा की घोषणा की।
- आज हरियाणा व चंडीगढ़ सहित विश्वभर में कैंसर दिवस मनाया गया।

  देहरादून में चल रही राष्ट्रीय खेलों में बैडमिंटन के महिला सिंगल्स का खिताब अनमोल खर्ब ने जीता।

हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा विलेज कॉमन लैंड (रेगुलेशन) एक्ट, 1961 में संशोधन को मंजूरी देने सहित तीन महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में हुई बैठक में आढ़तियों को रबी खरीद सीजन 2024-25 में नमी के कारण तोल में हुई कमी के नुकसान की भरपाई के लिए प्रतिपूर्ति राशि प्रदान करने को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

उन्होंने बताया कि नए नियम वन्यजीव शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान या वैज्ञानिक प्रबंधन से संबंधित परमिट देने के लिए विस्तृत प्रक्रिया और निर्धारित प्रारूप प्रदान करते हैं।इसके अलावा, इन नियमों के तहत, अभयारण्यों की सीमाओं के भीतर भूमि पर सर्वेक्षण या जांच करने के लिए लोगों के लिए एक विस्तृत प्रक्रिया और निर्धारित प्रारूप भी बनाया गया है।उन्होंने **हरियाणा विलेज कॉमन लैंड (रेगुलेशन) एक्ट, 1961 में संशोधन को लेकर** बताया -

मुख्यमंत्री ने कहा कि आढ़तियों को बड़ी राहत दी गई है उनके नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार कुल 3 करोड़ 9 लाख 95 हजार 541 रुपये की राशि वहन करेगी।

हरियाणा निर्वाचन आयोग ने शहरी स्थानीय निकाय चुनाव की घोषणा कर दी है। चुनाव की घोषणा के बाद से ही आचार संहिता लागू हो गई है।मतदान 2 मार्च को प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह ने आज पंचकूला  में यह घोषणा करते हुए बताया -

उन्होंने कहा कि इसके इलावा नगर परिषदों व नगर पालिकाओं  के चुनाव भी होने हैं।

उन्होंने कहा कि नामांकन 11 से 17 फरवरी तक होगा। 18 तारीख़ को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 19 तारीख़ तक नाम वापिस लिए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि 19 को चुनाव चिन्ह आंबटित किए जाएंगे।वही पानीपत में नामांकन 21 से 27 फरवरी तक होगा।28 फरवरी को जांच होगी। और पहली मार्च को चुनाव चिन्ह आंबटित किए जाएंगे। वोटों की गिनती 12 मार्च को होगी उसी दिन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि अगर पुनमतदान की जरूरत हुई तो पानीपत में पुनमतदान 11 मार्च व अन्य  स्थानों पर 4 मार्च को होगा।

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने  प्रयागराज में महाकुंभ के लिए विशेष बस सेवा की घोषणा की। आज चंडीगढ़ में यह घोषणा करते हुए श्री विज ने बताया –

यह बसें हर जिले के मुख्य बस अड्डे से सुबह 10 से 12 बजे के बीच चलकर यह बसें अगले दिन  सुबह 5 से 6  बजे के बीच प्रयागराज पहुंचेगी और शाम को प्रयागराज से वापसी करेंगी।

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज द्वारा अम्बाला-नारायणगढ़ मुख्य मार्ग पर तय सीमा से ज़्यादा सामान का लदान करने वाले वाहनों की जांच के दौरान कुल 18 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई  इस वाहन चालकों पर 2 लाख 54 हज़ार रुपए जुर्माना लगाया गया है।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कल परिवहन मंत्री द्वारा लगाए नाकों के दौरान दो वाहन चालकों द्वारा मौके पर ही चालान भरे गए  जिस कारण उनको छोड़ दिया गया जबकि शेष वाहनों को जब्त कर लिया गया। इन वाहनों को जुर्माना राशि भरने पर ही छोड़ा जाएगा।श्री विज ने कहा है कि उनका प्रयास है कि प्रदेश में ओवरलोड वाहन न चलें और वाहन चालक पूरे दस्तावेजों के साथ चलें।

हरियाणा सरकार ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के पंजीकृत मतदाताओं के लिए सवैतनिक अवकाश घोषित किया है । इसका उद्देश्य दिल्ली में मतदाता के तौर पर पंजीकृत सरकारी और कारखानों, दुकानों और निजी प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को चुनाव में भाग लेने की सुविधा देना है।

आज हरियाणा व चंडीगढ़ सहित देश भर में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया । यह दिन कैंसर से प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के लिए समर्थन और एकजुटता का प्रतीक है। पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय संगोष्टी में स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय प्रशामक देखभाल कार्यशाला में आज कैंसर रोगियों के गरिमा पूर्ण और दर्द-मुक्त जीवन को लेकर चर्चा की गई।अखिल

भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से डॉ ब्रजेश कुमार ने इस वर्ष विश्व कैंसर दिवस के थीम " यूनाइटेड बाय यूनिक" की व्याख्या करते हुए कहा –

अंबाला छावनी में नागरिक अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में डॉ रेणु बेरी पजनी , डॉ पूजा शर्मा, डॉ रोशनी व्यास , डॉ विकास गुप्ता और डॉ गौरव शर्मा ने लोगों को कैंसर के लक्षणों व इससे बचाव के बारे जागरूक किया। डॉ रेणु बेरी ने कहा कि अंबाला का अटल कैंसर केयर केंद्र कैंसर के मरीजों को इलाज की सुविधा मुहैया करवा रहा है। कैथल जिला नागरिक हस्पताल भी आज लोगों को कैंसर बारे जागरूक किया गया।

देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों में बैडमिंटन के महिला सिंगल्स का खिताब अनमोल खरब ने जीत लिया है। फाइनल में हरियाणा की अनमोल ने शीर्ष वरीयता प्राप्त अनुपमा उपाध्याय को 21-16, 22-20 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 29 जनवरी से 4 फरवरी तक उपमंडल पिहोवा में मनाया गया। बडे स्तर पर आयोजित इस महोत्सव के सरस मेले का आज भव्यता के साथ समापन हुआ। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के समापन समारोह में हरियाणा सरस्वती विरासत बोर्ड उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि अगले वर्ष इस महोत्सव को इससे भी अधिक बडे स्तर पर मनाया जाएगा।

हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा कल पंचकूला में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 और पोक्सो अधिनियम 2012 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर मुख्य अतिथि और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगी ।